The Yamuna Syndicate Limited
Regd. Office : Radaur Road, Yamuna Nagar (Haryana)

Uploaded on BSE Listing Centre/ Website : http://listing.bseindia.com

HO/CS/ July 22, 2026

Manager-Department of
Corporate Services,BSE Limited,
Registered Office :Floor 25,
P J Towers, Dalal Street,
Mumbai- 400 001

Dear Sir/Madam

**Scrip Code : 540980 Scrip Id : YSL**

**Subject : 72nd Annual General Meeting to be held through video conferencing (VC) or other Audio Visual Means(OAVM)")**

Pursuant to Regulation 30, 47 read with Schedule III and any other applicable regulation(s) of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, kindly note that :-

1. 72st Annual General Meeting the Company is scheduled to be held on **Monday, August 24, 2026** through video conferencing (VC) or other Audio Visual Means(OAVM) to transact the business that will be set forth in the Notice of the Meeting.
2. The Company has published a public notice today July 22, 2026 in **Business Standard (English daily newspaper)** and **Business Standard (Hindi daily newspaper),** , intimating to shareholders that 72nd Annual General Meeting dated August 24, 2026 will be held through video conferencing (VC) or other Audio Visual Means(OAVM) and all other information as required to be published under General Circular no. 20/2020 dated May 5, 2020 read with all other relevant circulars issued by Ministry of Corporate Affairs in this regard.
3. We have also published intimation for that physical shareholders who had executed the transfer deed prior to April 1, 2019 but were not lodged for transfer or were lodged and subsequently rejected, returned or not attended due to deficiency in the documents have been provided a special re-lodgement window till February 4, 2027, to re-lodge the transfer request.
4. Copies of the said advertisement are enclosed and also uploaded on the website of the Company at www.yamunasyndicate.com under section : https://yamunasyndicate.com/advertisement/
5. The above is for your information and record please.

Yours Faithfully,


For The Yamuna Syndicate Ltd.
ASHISH KUMAR
Digitally signed by ASHISH KUMAR
Date: 2026.07.22 16:51:25 +05'30'
(Ashish Kumar)
Company Secretary and Compliance Officer

CORPORATE IDENTITY NUMBER (CIN) L24101HR1954PLC001837
Website : www.yamunasyndicate.com
Tel : +91-1732-255479
E-mail : ceo@yamunasyndicate.com
companysecretary@yamunasyndicate.com
cfo@yamunasyndicate.com

## खबरों में रहे स्टॉक




### मारुति सुजूकी इंडिया




अपने सभी मॉडलों की कीमतों में 30,000 रुपये तक की बढ़ोतरी का ऐलान किया

₹ 3,507.5 पिछला बंद भाव
₹ 13,593.3 आज का बंद भाव
0.6 % ▲


### किर्लोस्कर न्यूमैटिक कंपनी




वित्त वर्ष 27 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ पिछले साल के मुकाबले 25% बढ़ा

₹ 1,722.6 पिछला बंद भाव
₹ 1,616.3 आज का बंद भाव
-6.2 % ▼


### टीवीएस मोटर कंपनी




वित्त वर्ष 27 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ पिछले साल के मुकाबले 67% बढ़ा

₹ 3,591.0 पिछला बंद भाव
₹ 3,791.6 आज का बंद भाव
5.6 % ▲

### एक्मे सोलर होल्डिंग्स




पवन-सौर हाइब्रिड परियोजना के लिए सेकी के साथ किया बिजली खरीद समझौता

₹ 377.6 पिछला बंद भाव
₹ 372.8 आज का बंद भाव
-1.3 % ▼

### ई2ई नेटवर्क्स




वित्त वर्ष 27 की पहली तिमाही के दौरान 44 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया

₹ 425.4 पिछला बंद भाव
₹ 446.7 आज का बंद भाव
5.0 % ▲

## संक्षेप में

### अरविंद फैशंस का शुद्ध लाभ 11 प्रतिशत बढ़ा

परिधान क्षेत्र की कंपनी अरविंद फैशंस लिमिटेड (एएफएल) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 11 प्रतिशत बढ़कर 27.61 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 24.86 करोड़ रुपये था। कंपनी ने शेयर बाजार को मंगलवार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय बढ़कर 1,278.50 करोड़ रुपये हो गई जो एक वर्ष पहले की समान अवधि में 1,107.31 करोड़ रुपये थी। *भाषा*

### ब्लूस्टोन को 5.96 करोड़ रुपये का लाभ

ब्लूस्टोन ज्वैलरी ऐंड लाइफस्टाइल लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 5.96 करोड़ रुपये रहा। बेंगलूरु की आभूषण कंपनी को वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 34.74 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि अप्रैल-जून तिमाही में उसकी कुल आय 49 प्रतिशत बढ़कर 751.81 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 504.74 करोड़ रुपये थी। वहीं, कुल खर्च बढ़कर 744.82 करोड़ रुपये हो गया। भाषा

# बजाज ऑटो का लाभ 46% बढ़ा

सोहिनी दास
मुंबई, 21 जुलाई



पुणे की वाहन विनिर्माता बजाज ऑटो का संयुक्त शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 27 की पहली तिमाही के दौरान सालाना आधार पर 46 प्रतिशत बढ़कर 3,225.63 करोड़ रुपये हो गया। राजस्व भी 65 प्रतिशत बढ़कर 21,688.8 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस बढ़ोतरी को रिकॉर्ड वाहन बिक्री, बेहतर आमदनी तथा देसी और निर्यात बाजारों, तेल-गैस इंजन वाले वाहनों, इलेक्ट्रिक वाहनों तथा दोपहिया और तिपहिया वाहनों में व्यापक वृद्धि से मदद मिली।

तिमाही आधार पर कंपनी के राजस्व में 22 प्रतिशत का इजाफा हुआ जबकि शुद्ध लाभ में 12 प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि कंपनी ने कहा कि बजाज ऑटो इंटरनैशनल होल्डिंग्स एजी (बीएआईएचजी) में नियंत्रण हिस्सेदारी के अधिग्रहण और चालू तिमाही से उसके वित्तीय परिणाम जुड़ने के बाद इन संयुक्त आंकड़ों की पिछले वर्ष की इसी अवधि और पिछली तिमाहियों के साथ तुलना नहीं की जा सकती है। मार्च तिमाही में तत्कालीन संबद्ध कंपनी से बजाज ऑटो को लाभ के हिस्से रूप में मिले 1,195.21 करोड़ रुपये भी शामिल थे।

रुपये की अनुकूल स्थिति, बेहतर मॉडल मिश्रण, परिचालन लाभ, मूल्य निर्धारण रणनीतियों और लागत मोर्चे पर बचत ने इनपुट लागत में तेज इजाफे के बावजूद लाभ को सहारा दिया है। बजाज ऑटो ने साल 2026-27 की जून तिमाही (वित्त वर्ष 27 की पहली तिमाही) के दौरान कुल वाहन बिक्री में पिछले साल के मुकाबले 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की और यह बढ़कर 14.4 लाख वाहनों के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इस वृद्धि को जोरदार निर्यात वृद्धि, देसी बिक्री में बढ़ोतरी तथा इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहनों के तेज विस्तार से मदद मिली।

कंपनी के तिमाही परिणामों की विज्ञप्ति के अनुसार दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री 29 प्रतिशत बढ़कर 12.2 लाख हो गई, जबकि वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री, जिसमें मुख्य रूप से तिपहिया शामिल हैं, 33 प्रतिशत बढ़कर 2,15,699 हो गई।

निर्यात इस वृद्धि का प्रमुख संचालक रहा और यह पिछले वर्ष की तुलना में 54 प्रतिशत बढ़कर 7,32,173 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इसने किसी तिमाही में पहली बार 7,00,000 वाहनों का आंकड़ा पार किया। दोपहिया वाहनों का निर्यात 52 प्रतिशत बढ़कर 6,36,005 हो गया, जबकि वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात 69 प्रतिशत बढ़कर 96,168 हो गया।

### सालाना क्षमता 90 लाख से होगी ज्यादा : शर्मा

बजाज ऑटो अगली कुछ तिमाहियों के दौरान अपनी वार्षिक उत्पादन क्षमता लगभग 25 प्रतिशत तक बढ़ाएगी। इस तरह यह क्षमता लगभग 70 लाख वाहनों से बढ़कर 90 लाख वाहनों से अधिक हो जाएगी। उत्पादन क्षमता में इस विस्तार की वजह यह है कि निर्यात की दमदार मांग और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) में तेजी से वृद्धि हो रही है जिससे प्रमुख वाहन श्रेणियों की क्षमता पर दबाव पड़ रहा है।

कंपनी परिणामों के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान बजाज ऑटो के संयुक्त प्रबंध निदेशक राकेश शर्मा ने कहा कि मौजूदा क्षमता में यह विस्तार मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहनों, प्रीमियम मोटरसाइकलों तथा तेल-गैस इंजन वाले कुछ तिपहिया मॉडलों पर केंद्रित होगा।

# टीवीएस मोटर का शुद्ध लाभ 57% उछला

अंजलि सिंह
मुंबई, 21 जुलाई




देश की शीर्ष दोपहिया विनिर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने आज कहा कि साल 2026-27 की पहली तिमाही (वित्त वर्ष 27 की पहली तिमाही) में उसका शुद्ध लाभ सालाना आधार पर लगभग 56.8 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1,036 करोड़ रुपये हो गया। परिचालन राजस्व में सालाना आधार पर 33.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 16,295 करोड़ रुपये हो गया।

कंपनी परिणामों के बाद बातचीत दौरान प्रबंधन ने बताया कि मुनाफे में इस वृद्धि का श्रेय अधिक बिक्री, मॉडलों के बेहतर संयोजन, लागत में निरंतर कमी और परिचालनगत लाभ को जाता है। कंपनी को इस तिमाही के दौरान निवेश पर उचित मूल्यांकन लाभ से भी फायदा हुआ।

तिमाही आधार पर कंपनी के शुद्ध लाभ में 1.7 प्रतिशत तक की कमी हुई, जबकि परिचालन से प्राप्त राजस्व में 8.3 प्रतिशत का इजाफा हुआ। यह परिणाम शेयर बाजार के कारोबार के दौरान घोषित किए गए थे। कंपनी के शेयर में 5.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई और बीएसई पर दिन का कारोबार लगभग 3,791.6 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ।

### पेटीएम के लाभ में 79 प्रतिशत इजाफा

डिजिटल भुगतान एवं वित्तीय सेवा प्लेटफॉर्म पेटीएम की मूल कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड का वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 79 प्रतिशत बढ़कर 220 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान कंपनी ने 203 करोड़ रुपये की अब तक की सर्वाधिक कर पूर्व आय (एबिटा) दर्ज की। इसके साथ ही कंपनी के निदेशक मंडल ने फिलहाल बोनस शेयर जारी करने के प्रस्ताव पर आगे नहीं बढ़ने का फैसला किया है। कंपनी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़कर 2,448 करोड़ रुपये हो गया। वहीं कर पूर्व आय (एबिटा) 182 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 203 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इस दौरान एबिटा मार्जिन बढ़कर आठ प्रतिशत हो गया।

कंपनी का शुद्ध लाभ 79 प्रतिशत बढ़कर 220 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने इसका श्रेय व्यापारियों और उपभोक्ता कारोबार में तेज वृद्धि, एबिटा मार्जिन में विस्तार तथा एआई आधारित परिचालन दक्षता को दिया है। वहीं पेटीएम का उपभोक्ता यूपीआई कारोबार लगातार पांचवीं तिमाही में बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में सफल रहा।

### बंधन बैंक को 502 करोड़ रुपये का लाभ

निजी क्षेत्र के कर्जदाता बंधन बैंक लिमिटेड को वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 502 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में बैंक ने 372 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। अप्रैल-जून की अवधि में बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 5.9 प्रतिशत बढ़कर 2,921 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले 2,757 करोड़ रुपये थी, जबकि शुद्ध कुल आय 1.2 प्रतिशत बढ़कर 3,524 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल की इसी अवधि में 3,483 करोड़ रुपये थी। बैंक ने बताया कि जून, 2026 तक उसका कुल अग्रिम सालाना आधार पर 16.4 प्रतिशत बढ़कर 1,55,555 करोड़ रुपये हो गया। *भाषा*

### अदाणी एनर्जी को दोगुने से अधिक लाभ हुआ

अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में दोगुने से अधिक होकर 1,236.56 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से आय बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 538.94 करोड़ रुपये रहा था। आलोच्य तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 9,852.20 करोड़ रुपये हो गई, जबकि एक साल पहले जून तिमाही में यह 7,025.49 करोड़ रुपये थी। परिचालन कारोबार से कंपनी की आय बढ़कर 3,335.26 करोड़ रुपये हो गई जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2,188.19 करोड़ रुपये थी। *भाषा*

**अदाणी टोटाल का लाभ 18 प्रतिशत घटा**

अदाणी टोटाल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) का चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत घटकर 133 करोड़ रुपये रह गया। पश्चिम एशिया संकट के बाद गैस कीमतों में तेज बढ़ोतरी इस गिरावट की मुख्य वजह रही। *भाषा*

# नए कारोबारियों के लिए पेमेंट गेटवे फीस माफ कर रही कैशफ्री पेमेंट्स

अजिंक्य कावले
मुंबई, 21 जुलाई

भारत के डिजिटल पेमेंट बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच फिनटेक कंपनी कैशफ्री पेमेंट्स ने कहा है कि वह अपने प्लेटफॉर्म पर साइन अप करने वाले नए कारोबारियों के लिए पेमेंट गेटवे फीस माफ कर रही है। कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2027 के आखिर तक अपने छोटे और मझोले व्यवसायों (एसएमबी) की संख्या दोगुनी कर 20 लाख तक पहुंचाना है।

त्योहारी सीजन से पहले एसएमबी के लिए शुरू किए गए इस फीस माफी प्रोग्राम में वित्त वर्ष 2027 के आखिर तक पहली 20 लाख रुपये की सकल व्यावसायिक वैल्यू (जीएमवी) के लक्ष्य को पूरा करना है। बेंगलूरु की यह फिनटेक कंपनी अभी ऐसे शुरुआती दौर वाले और उभरते 10 लाख व्यवसायियों को अपनी सेवाएं दे रही है।

कैशफ्री पेमेंट्स के सह-संस्थापक रीजू दत्ता ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया, 'हर महीने लगभग 25,000 नई कंपनियां शुरू होती हैं और उनमें से लगभग 20 प्रतिशत कंपनियां भुगतान के लिए कैशफ्री के साथ साइन-अप करती हैं। यह प्रोग्राम उन्हीं कंपनियों के लिए है और साथ ही उन लोगों के लिए भी, जो अपने मौजूदा पेमेंट गेटवे से खुश नहीं हैं या उसे बदलने के कारण तलाश रहे हैं।'

हालांकि दत्ता ने इसे अपने व्यवसायी आधार को बढ़ाने और नए मर्चेंट जोड़ने के लिए मार्केटिंग पर किया गया खर्च बताया।

### गिटहब के फंडिंग प्लेटफॉर्म पर योगदान 10 करोड़ डॉलर के पार

गिटहब के डेवलपर फंडिंग प्लेटफॉर्म गिटहब स्पॉन्सर्स में योगदान 10 करोड़ डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है। यह ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर मैंटेन करने वालों के लिए फंडिंग का ज्यादा टिकाऊ मॉडल है। इसी के साथ कंपनी ने इसमें बड़ा पड़ाव हासिल किया है। वर्ष 2019 में लॉन्च हुआ गिटहब स्पॉन्सर्स अलग-अलग डेवलपर्स और संगठनों को उन ओपन-सोर्स परियोजनाओं के मैंटेनर्स को आर्थिक रूप से सहायता देने की सुविधा देता है जिन पर वे निर्भर हैं। यह प्लेटफॉर्म अब तक 2,80,000 से ज्यादा स्पॉन्सर्स के योगदान के जरिये 70,000 से ज्यादा मैंटेनर्स और फॉर्च्यून कंपनियों की मदद कर चुका है।

### जिंदल स्टेनलेस : शिकायत खारिज

मंगलवार को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने उन आरोपों को खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड ने इंडोनेशियाई कंपनियों और निकेल उत्पादकों के साथ प्रतिस्पर्धा-विरोधी विशेष आपूर्ति समझौते किए थे। यह मामला सीसीआई के समक्ष स्टेनलेस स्टील उत्पादों के डाउनस्ट्रीम उत्पादन और व्यापार से जुड़ी एक अज्ञात भारतीय स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी ने रखा था, जिसकी पहचान कमीशन ने गुप्त रखी।

यूको बैंक UCO BANK
Honours Your Trust
(A Govt. of India Undertaking)

प्रधान कार्यालय – II, सू.प्रौ.वि.- खरीद एवं अवसंरचना
3 और 4, डीडी ब्लॉक, सेक्टर-1, सॉल्ट लेक, कोलकाता – 700064

**निविदा की सूचना**

यूको बैंक ई-मेल सेवाओं, एमडीएम समाधान और ऑफिस वेब ऐप्स के कार्यन्वयन के लिए सेवा प्रदाता का चयन हेतु निविदा आमंत्रित करता है।

विवरण के लिए कृपया **https://www.uco.bank.in** और **https://gem.gov.in** वेबसाइट पर देखें।

(उप-महाप्रबंधक)
दिनांक : 22.07.2026 सूचना प्रौद्योगिकी विभाग-खरीद एवं अवसंरचना

**ए.पी. कैपिटल पीटीई. लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : 10 एनसन रोड, #30–18, इंटरनेशनल प्लाजा, सिंगापुर 079903

**सार्वजनिक सूचना**

यह सार्वजनिक सूचना ए.पी. कैपिटल पीटीई. लिमिटेड द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक (गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियां – शेयरधारिता या नियंत्रण का अधिग्रहण) निर्देशावली, 2025 के अनुच्छेदों 8, 9 तथा 10 के अनुपालन में, तथा भारतीय रिजर्व बैंक के विनियमन विभाग, मुंबई द्वारा अपने पत्र तिथि 16 जुलाई, 2026 के माध्यम से निक्सा फिनकैप प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में जैंडर फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (एनबीएफसी) के नियंत्रण तथा शेयरधारिता में अप्रत्यक्ष परिवर्तन की स्वीकृति के संबंध में दी गई सलाह के अनुसार जारी की जा रही है।

एनबीएफसी की होल्डिंग कंपनी (निक्सा कैपिटल मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर) में मौजूदा शेयरधारक, ए.पी. कैपिटल पीटीई. लिमिटेड (सिंगापुर) (ए.पी. कैपिटल/निवेशक), जिसका पंजीकृत कार्यालय 10 एनसन रोड, #30–18, इंटरनेशनल प्लाजा, सिंगापुर 079903 में स्थित है, मास्टर डायरेक्शन – भारतीय रिजर्व बैंक (गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियां – शेयरधारिता या नियंत्रण का अधिग्रहण) निर्देशावली 2025 तिथि 28 नवंबर, 2025 (समय–समय पर यथा संशोधित) के अनुच्छेद 6 के अंतर्गत, पूर्णतः संवर्धित आधार पर अपनी शेयरधारिता 9.99% से बढ़ाकर 30.00% करने के लिए प्रस्तावित है। प्रस्तावित लेनदेन एक कार्यनीतिक निवेश के भाग के रूप में किया जा रहा है। यहाँ एनबीएफसी के शेयरों का कोई प्रत्यक्ष हस्तांतरण/बिक्री नहीं है।

यह सूचना जनता की सामान्य जानकारी के लिए जारी की जाती है। इस संबंध में कोई भी स्पष्टीकरण/आपत्ति इस सूचना की तिथि से तीस (30) दिनों के भीतर एनबीएफसी के पंजी[illegible] कार्यालय में अथवा ईमेल : company_secretary@nixafincap.com पर एनबीएफसी के [illegible] सचिव को संबोधित की जा सकती है।

स्थान : मुंबई
तिथि : 22 जुलाई, 2026

कृते ए.पी. कैपिटल पीटीई. लिमिटेड
प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

**SBI**
स्ट्रेस्ड एसेट्स रेजोल्यूशन ग्रुप, कॉरपोरेट सेंटर,
द आर्केड, दूसरी मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड केंद्र, कफ परेड, मुंबई – 400005

**ई–नीलामी के माध्यम से पात्र खरीदारों (अनुमत स्थानान्तरणकर्ता एनबीएफसी/बैंकों/वित्तीय संस्थाओं/एआरसी) को स्ट्रेस्ड लोन एक्सपोजर का हस्तांतरण**

भारतीय स्टेट बैंक पात्र प्रतिभागियों से, भारतीय रिज़र्व बैंक / अन्य नियामकों द्वारा जारी लागू विनियमों के अधीन, 1 (एक) खाते के ₹25.03 करोड़ (मात्र पच्चीस करोड़ तीन लाख रुपये) के मूल निधि आधारित बकाया के स्ट्रेस्ड लोन एक्सपोज़र के हस्तांतरण हेतु 'जैसा है जहाँ है'; 'जैसा है वैसा है'; 'जो कुछ है वही'; और 'बिना किसी उत्तरदायित्व के आधार पर' ई–नीलामी के माध्यम से, रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।

सभी इच्छुक पात्र प्रतिभागियों से अनुरोध है कि वे 'रुचि की अभिव्यक्ति' के माध्यम से ई–नीलामी में भाग लेने के लिए अपनी इच्छा प्रस्तुत करें. पात्र प्रतिभागियों को सलाह दी जाती है कि वे गैर–प्रकटीकरण समझौता (वेब नोटिस में उल्लिखित समयसीमा के अनुसार) निष्पादित करें। यदि गैर–प्रकटीकरण समझौता निष्पादित नहीं होता है, तो कृपया ई–मेल आईडी dgm.sr@sbi.co.in पर संपर्क करें। कृपया बैंक की वेब साइट https://sbi.bank.in पर जाएं और अधिक विवरण "SBI in the news>Auction Notices>ARC & DRT" में लिंक पर क्लिक करें (वेब नोटिस).

कृपया ध्यान दें कि बैंक किसी भी चरण पर प्रस्तावित ई–नीलामी को आगे न बढ़ाने या ई–नीलामी की तिथि अथवा किसी भी नियम व शर्तों में बिना कोई कारण बताए बदलाव करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. ऐसे किसी भी बदलाव की सूचना https://sbi.bank.in वेबसाइट पर "SBI in the news > Auction Notices > ARC & DRT" लिंक के तहत संशोधन सूचना (Corrigendum) के रूप में दी जाएगी. इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा.

स्थान: मुंबई
तिथि: 22.07.2026

द्वारा जारी
उप– महाप्रबंधक (क्रेडिट और एआरसी)

**निक्सा फिनकैप प्राइवेट लिमिटेड**
(पूर्व में जैंडर फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
सीआईएन : U65921MH1997PTC258670
पंजीकृत कार्यालय : वन लोढा प्लेस, यूनिट नं. 2503, 25वाँ तल, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, डेलिसल रोड, मुंबई 400013, महाराष्ट्र, भारत

**सार्वजनिक सूचना**

यह सार्वजनिक सूचना निक्सा फिनकैप प्राइवेट लिमिटेड ("कंपनी"/एनबीएफसी) (पूर्व में जैंडर फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से ज्ञात) द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक (गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियां – शेयरधारिता या नियंत्रण का अधिग्रहण) निर्देशावली 2025 के अनुच्छेद 8, 9 एवं 10 के अनुपालन में तथा भारतीय रिजर्व बैंक के विनियमन विभाग, मुंबई द्वारा अपने पत्र तिथि 16 जुलाई 2026 के माध्यम से निक्सा फिनकैप प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में जैंडर फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से ज्ञात) के नियंत्रण एवं शेयरधारिता में अप्रत्यक्ष परिवर्तन की मंजूरी के संबंध में दी गई सलाह के अनुसार जारी की जा रही है।

विद्यमान शेयरधारक, ए.पी. कैपिटल पीटीई. लिमिटेड (सिंगापुर) (ए.पी. कैपिटल/निवेशक), जिसका पंजीकृत कार्यालय 10 एनसन रोड, रु30–18, इंटरनेशनल प्लाजा, सिंगापुर 079903 में स्थित है, समय–समय पर यथा संशोधित मास्टर निदेश – भारतीय रिजर्व बैंक (गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियां – शेयरधारिता या नियंत्रण का अधिग्रहण) निर्देशावली 2025 तिथि 28 नवंबर 2025 के अनुच्छेद 6 के अनुसार एनबीएफसी की होल्डिंग कंपनी (निक्सा कैपिटल मैनेजमेंट पीटीई. लिमिटेड, सिंगापुर) में अपनी शेयरधारिता को पूर्णतः चुकता आधार पर 9.99% से बढ़ाकर 30.00% करने का प्रस्ताव रखती है। प्रस्तावित लेन–देन एक कार्यनीतिक निवेश के हिस्से के रूप में किया जा रहा है और इसके परिणामस्वरूप एनबीएफसी के नियंत्रण तथा शेयरधारिता में एक अप्रत्यक्ष परिवर्तन होगा। यहाँ एनबीएफसी के शेयरों का कोई प्रत्यक्ष हस्तांतरण/बिक्री नहीं है।

यह सूचना जनता की सामान्य जानकारी के लिए जारी की जाती है। अधिक विवरणों के लिए, कृपया **www.nixafincap.com** पर जाएं / संपर्क करें : **info@nixafincap.com** पर।

इस संबंध में कोई भी स्पष्टीकरण/आपत्ति इस सूचना की तिथि से तीस (30) दिनों के भीतर कंपनी की कंपनी सचिव सुश्री क्षमा शाह को कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में अथवा ई–मेल : **company_secretary@nixafincap.com** पर भेजी जा सकती है।

सूचना की एक प्रति कंपनी की वेबसाइट – **www.nixafincap.com** पर भी उपलब्ध है।

कृते निक्सा फिनकैप प्राइवेट लिमिटेड
(पूर्व में जैंडर फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से
कंपनी स

स्थान : मुंबई
तिथि : 22 जुलाई 2026

**स्कैन प्रोजेक्ट्स लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः ग्राम कंज्नु, तहसील रादौर, जिला यमुनानगर (हरियाणा), 135133
सीआईएनः L29253HR1992PLC031576 वेबसाइटः www.scanprojects.in
फोन नं.: 09992086066 ई–मेलः scanhry@scanprojects.in

**भौतिक शेयरों के स्थानांतरण अनुरोधों के पुनः प्रस्तुतिकरण के लिए विशेष विंडो**

सेबी परिपत्र संख्या **SEBI/HO/MIRSD/RTAMB/POD-1/P/CIR/2026/3750** दिनांक 30 जनवरी 2026 के अनुसार, शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि केवल उन स्थानांतरण विलेखों के पुनः प्रस्तुतिकरण के लिए एक विशेष विंडो खोली गई है, जिन्हें **01 अप्रैल 2019** से पहले जमा किया गया था और दस्तावेज/प्रक्रिया में कमी या अन्य कारणों से अस्वीकृत/वापस किए गए/जिन पर कार्रवाई नहीं की गई थी।

पुनः प्रस्तुतिकरण की यह सुविधा **5 फरवरी 2026 से 4 फरवरी 2027 तक** उपलब्ध रहेगी। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे ऐसे मामलों को नवीनतम 04 फरवरी 2027 तक आरटीए के पास निम्नलिखित पते पर पुनः प्रस्तुत करें:

**बीटाल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड दादा हरसुखदास मंदिर के सामने, 99, तीसरी मंजिल, मदनगीर, नई दिल्ली – 110062 दूरभाष नं.: 011–29961281 –283 ई–मेलः beetalrta@gmail.com**

स्थानांतरण के लिए दस्तावेज आरटीए के पास जमा करते समय, प्रस्तुतकर्ता के पास डीमैट खाता होना चाहिए और स्थानांतरण दस्तावेजों तथा शेयर प्रमाणपत्र के साथ अपनी क्लाइंट मास्टर सूची (सीएमएल) भी उपलब्ध करानी होगी।

स्थानः यमुनानगर
दिनांकः 22.07.2026

स्कैन प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/– (सतीश कुमार)
कंपनी सचिव

**यमुना सिंडिकेट लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः रादौर रोड, यमुनानगर- 135001, हरियाणा,
उक्तः L24101HR1954PLC001837, फोनः +91-1732-255479,
ई-मेलः companysecretary@yamunasyndicate.com वेबसाइटः ww.yamunasyndicate.com

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित होने वाली 72वीं वार्षिक आम बैठक**

1. कंपनी की 72वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) सोमवार, 24 अगस्त, 2026 को सुबह 11.00 बजे (भा.मा.स.) पर कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जाएगी, ताकि बैठक की सूचना में निर्धारित किए जाने वाले व्यवसाय को निपटाया जा सके।
2. वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए एजीएम और वार्षिक रिपोर्ट की सूचना 31 जुलाई, 2026 को या उससे पहले इलेक्ट्रॉनिक मोड में उन सभी शेयरधारकों को भेजी जाएगी, जिनके ईमेल पते कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) अर्थात मेसर्स अलंकित असाइनमेंट लिमिटेड या उनके संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत हैं।
3. वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए एजीएम और वार्षिक रिपोर्ट की सूचना कंपनी की वेबसाइट **www.yamunasyndicate.com** और **www.bseindia.com** पर स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगी
4. ईमेल पर नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए (यदि पहले पंजीकृत नहीं है) और इलेक्ट्रॉनिक क्लियरिंग सर्विस (ईसीएस) या किसी अन्य माध्यम ('बैंक मैंडेट') के माध्यम से सीधे बैंक खातों में लाभांश प्राप्त करने के लिए, भौतिक शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे निर्धारित फॉर्म आईएसआर–1 (ईमेल और अन्य केवाईसी विवरण अपडेट करने के लिए) के साथ ईमेल पता/बैंक विवरण अपडेट करें, जिसमें प्रथम नामित शेयरधारक के नाम और खाता संख्या वाला कैंसिल्ड चेक तथा पैन और/या फॉर्म आईएसआर–2 (बैंक विवरण अपडेट करने के लिए) की स्व–सत्यापित प्रति आपके बैंक द्वारा विधिवत सत्यापित **29 जुलाई, 2026** को या उससे पहले भेज दें।
   ये फॉर्म आरटीए की वेबसाइट **https://www.alankit.com/registrar-and-share-transfer-agent** पर डाउनलोड अनुभाग के तहत और कंपनी की वेबसाइटः **https://yamunasyndicate.com/investor-service-request/** पर उपलब्ध हैं।
   आप इन दस्तावेजों को कंपनी के उपर्युक्त पते पर भेज सकते हैं और **kycupdate@alankit.com / virenders@alankit.com** पर ईमेल पर भी एक प्रति भेज सकते हैं।
5. डीमटेरियलाइजेशन मोड में शेयर रखने वाले शेयरधारक, अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ ईमेल पते/मोबाइल नंबर और बैंक मैंडेट को अपडेट कर सकते हैं, जिनके पास उनका डीमैट खाता है।
6. वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल होने की प्रक्रिया एजीएम की सूचना में दी जाएगी। शेयरधारकों के पास व्यवसाय पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डालने का अवसर होगा जैसा कि रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से एजीएम की सूचना में निर्धारित किया जाएगा। शेयरधारकों के लिए रिमोट ई–वोटिंग का तरीका भी एजीएम की सूचना में प्रदान किया जाएगा।

**भौतिक शेयर हस्तांतरण अनुरोधों के री–लॉजमेंट के लिए विशेष विंडोः**

7. कृपया आगे ध्यान दें कि जिन भौतिक शेयरधारकों ने 1 अप्रैल, 2019 से पहले स्थानांतरण विलेख निष्पादित किया है, लेकिन स्थानांतरण के लिए दर्ज नहीं किया गया था या दर्ज किया गया था और बाद में दस्तावेजों में कमी के कारण अस्वीकार कर दिया गया था, वापस कर दिया गया था या उपस्थित नहीं किया गया था, उन्हें स्थानांतरण अनुरोधों को फिर से दर्ज करने के लिए 4 **फरवरी**, 2027 तक एक विशेष री–लॉजमेंट विंडो प्रदान की गई है।
   यदि सभी आवश्यक दस्तावेज मौजूद हैं तो स्थानान्तरण को मंजूरी दी जाएगी। इस विंडो के तहत स्थानांतरण केवल डीमैटरियलाइज्ड रूप में जमा किया जाएगा और स्थानांतरण पंजीकरण की तारीख से एक वर्ष की लॉक–इन अवधि होगी। शेयरधारक इस संबंध में सहायता के लिए कंपनी या आरटीए से संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक : 21 जुलाई, 2026
स्थान : यमुना नगर–135001

यमुना सिंडिकेट लिमिटेड के लिए
हस्ता./– (आशीष कुमार)
कंपनी सचिव (सदस्यता सं. एफ7846)

**सार्वजनिक सूचना**

इसके तहत सूचित किया जा रहा है कि, **श्रीमती विद्यावती कुंदनलाल करीर – फ्लॅट नं. बी – २/११, तळमजला, बचानी नगर सीएचएस लि., बचानी नगर रोड, ऑफ दफ्तरी रोड, मालाड (पू.), मुंबई – ४०० ०९७.** इस संपत्ती की मालिक इनका [illegible] ०५.०९.१९८३ को कोई भी इच्छापत्र किए बिना [illegible] हुआ है और यह संपत्ती उनकी बहू **श्रीमती स[illegible]रिंदर करीर** – उनका पुत्र श्री. नरींदर सिंग कुंदन[illegible] करीर की विधवा पत्नी के नाम अनंतिम हस्तांतरित हुई है. अब सदस्य इन्होंने यह संपत्ती उनके पुत्र **श्री. कवलजीत सिंग नरींदर सिंग करीर** को भेंट दी है जिन्होंने सोसायटी के पास सोसायटी के सदस्य के तौर पर उन्हें स्वीकृत करने हेतु अनुरोध किया है.

सोसायटी की पूंजी/संपत्ती में मृत सदस्य के संबंधित शेअर्स एवं हितसंबंधों के हस्तांतरण हेतु यदी कोई दावे या आपत्तियां हो तो वारीस या अन्य दावेदार या दावेदार/आपत्ती कर्ता से इस सूचना के विज्ञापन तिथ से १५ (पंद्रह) दिनों के भीतर ऐसे कागजातों की कापीयां इनके अलावा सोसायटी की पूंजी/संपत्ती में मृत सदस्य के शेअर्स एवं हितसंबंधों के हस्तांतरण हेतु उनके दावे/आपत्तीयों की पुष्टी हेतु अन्य कागजातों के साथ दावे या आपत्तियां आमंत्रित की जा रही हैं. निर्धारित अवधी में कोई भी दावे/आपत्तीयां प्राप्त न होने पर सोसायटी के बायलॉज के अनुसार सोसायटी की पूंजी/संपत्ती में मृत सदस्य के शेअर्स एवं हितसंबंधों का व्यवहार करने हेतु सोसायटी मुक्त रहेगी.

तिथि – २२.०७.२०२६, मुंबई

**लीगल रेमेडीज**
**वकील, उच्च न्यायालय**
**कार्यालय क्र. २, तल मंजिल, शांती निवास सीएचएस लि., इमारत क्र. १, पटेल इस्टेट, सी. पी. रोड, कांदिवली (पू.), मुंबई – ४०० १०१.**
**मोबाईल क्र. : ९८९२२७६१२६/९६१९१११५२१२/ ९८१९५०२४१५**

**इण्डियन ओवरसीज़ बैंक Indian Overseas Bank**
आपकी प्रगति का सच्चा साथी Good people to grow with
**सूचना प्रौद्योगिकी विभाग**
**केंद्रीय कार्यालय : 763, अण्णा सालै, चेन्नै – 600 002**

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (आइओबी) निम्नलिखित के लिए बोली लगाने हेतु आमंत्रित करता है :

**सरकारी ई-मार्केट पोर्टल - साइबर धोखाधड़ी का पता लगाने और उसे रोकने के लिए रियल-टाइम ट्रांज़ैक्शन मॉनिटरिंग सिस्टम (आरटीटीएमएस) की सप्लाई, कार्यान्वयन, इंटीग्रेशन, रखरखाव और मैनेजमेंट के लिए सर्विस प्रोवाइडर का चयन।**

**बोली सं: - जीईएम/2026/बी/7787413 दिनांक 14.07.2026**

उपर्युक्त निविदा के लिए जीईएम दस्तावेज उल्लिखित वेबसाइटों पर **www.iob.bank.in** एवं **www.gem.gov.in** उपलब्ध है, जहाँ से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा का विवरण और भविष्य में किए जाने वाले किसी भी संशोधन के लिए, उक्त वेबसाइट **www.gem.gov.in** का संदर्भ लेते रहें।

**इण्डियन ओवरसीज़ बैंक Indian Overseas Bank**
आपकी प्रगति का सच्चा साथी Good people to grow with
**सूचना प्रौद्योगिकी विभाग**
**केंद्रीय कार्यालय : 763, अण्णा सालै, चेन्नै – 600 002**

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (आइओबी) निम्नलिखित के लिए बोली लगाने हेतु आमंत्रित करता है :

**सरकारी ई-मार्केट पोर्टल - विभिन्न शाखाओं में 450 मल्टी-फ़ंक्शन पासबुक कियोस्क की सप्लाई, इंस्टॉलेशन और मेंटेनेंस**

**बोली सं:- जीईएम/2026/बी/7800083 दिनांक 17.07.2026**

उपर्युक्त निविदा के लिए जीईएम दस्तावेज उल्लिखित वेबसाइटों पर **www.iob.bank.in** एवं **www.gem.gov.in** उपलब्ध है, जहाँ से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा का विवरण और भविष्य में किए जाने वाले किसी भी संशोधन के लिए, उक्त वेबसाइट **www.gem.gov.in** का संदर्भ लेते रहें।

**चंडीगढ़ संस्करण** : बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा सी/ओ आइडिया को वर्किंग, तृतीय तल, एस.सी.ओ 32, 33, 34 सेक्टर–17–सी, चंडीगढ़–160017 से प्रकाशित एवं तन्मय महेश्वरी, इम्प्रेशंस प्रिंटिंग ऐंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नं.–22, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज–2, पंचकूला–134115, हरियाणा से मुद्रित
संपादक : कैलाश नौटियाल, पीआरजीआई रजिस्ट्रेशन नं. CHAHIN/2008/24509 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं।
स्वामित्व : बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, नेहरू हाउस, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली–110002
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें – सुश्री मानसी सिंह, हेड–कस्टमर रिलेशन्स। बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पीबी मार्ग, वर्ली, मुंबई–400013 ईमेल : subs_bs@bsmail.in या 57575 पर REACHBS एसएमएस करें। कोई हवाई अधिभार नहीं